आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 18.08.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत में 39 करोड़ से अधिक की 26 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- भारतीय चिकित्सा संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने के लिए पत्र लिखा।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा है कि डेंगू के मरीजों को उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाएगी।
- भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार कल देशभर में मनाया जाएगा।
- राजधानी देहरादून में झमाझम बारिश, राज्य के अधिकांश जिलों में 22 अगस्त तक बारिश की चेतावनी।

सीएम चंपावत दौरा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चंपावत में 39 करोड़ 16 लाख रुपये की 26 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से चंपावत के विकास में तेजी आएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के संकल्प पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश की 1 लाख 50 हजार बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है।
सशक्त बहना उत्सव योजना की सफलता पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से मातृशक्ति को अपने स्थानीय उत्पाद बेचने के लिए अच्छा बाजार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आदर्श चंपावत का जो संकल्प लिया है, उस पर चंपावत आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उन्होंने टनकपुर चंपावत स्टेडियम का नाम पूर्व विधायक कैलाश गहतोड़ी के नाम पर रखने की घोषणा की। रक्षाबंधन के अवसर पर अमोड़ी स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बहनों ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घआयु की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

भारतीय चिकित्सा संघ

भारतीय चिकित्सा संघ – आईएमए ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामलें में प्रधानमंत्री मोदी से स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाने की मांग की है।

आईएमए ने कहा कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी चाक चौबंद होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए।

डेंगू रोकथाम

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा है कि अब डेंगू के मरीजों को उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाएगी। उधम सिंह नगर के रुद्रपुर में डेंगू की रोकथाम के लिए आयोजित बैठक में डॉ रावत ने डेंगू से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 05 9 44–00 00 0 को 24 घंटे सातों दिन चालू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निजी अस्पतालों में डेंगू के मरीजों के लिए 5–5 बेड आरक्षित रखने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रत्येक डेंगू संक्रमित मरीज को एक मच्छरदानी और ऑल–आउट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी ब्लड बैंकों में होने वाली जांचों की रेट लिस्ट आम जनता के लिए बाहर चस्पा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और इसे ध्यान में रखा जा रहा है कि वर्ष 2030 तक उत्तराखंड में इलाज के अभाव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो।

केदारनाथ यात्रा

रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग की मरम्मत का काम जोरों पर चल रहा है। अधिकांश स्थानों पर क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत का काम पूरा हो चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर मार्ग के चौड़ीकरण का काम लगातार किया जा रहा है। केदारघाटी में बारिश के कारण प्रशासन को यात्रा मार्ग की मरम्मत करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रुद्रप्रयाग से हमारे संवाददाता ने बताया कि यात्रा मार्ग पर भूस्खलन जोन सक्रिय हैं, जिससे बोल्डर और मलबा गिरने का खतरा बना हुआ है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर अभी यात्रा को आधिकारिक तौर पर शुरू नहीं किया गया है। सोनप्रयाग में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट बीरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण अभी यात्रा मार्ग पर आवाजाही की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस बीच खबर है कि पैदल यात्रा मार्ग पर सीमित संख्या में श्रद्धालुओं ने यात्रा शुरू कर दी है। वहीं, केदारनाथ के लिए हेली सेवा के माध्यम से यात्रा जारी है।

गौरतलब है कि 31 जुलाई की रात केदारनाथ में आई आपदा के कारण 19 किलोमीटर पैदल मार्ग कई जगह अवरुद्ध हो गया था, जिससे पैदल यात्रा प्रभावित हुई थी। सरकार ने करीब 15 दिनों में क्षतिग्रस्त मार्ग को सुदृढ़ करने का काम किया है। जिला प्रशासन का कहना है कि क्षतिग्रस्त मार्ग को जल्द दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ की यात्रा कर सकें।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार कल देशभर में मनाया जाएगा। त्योहार के दृष्टिगत देशभर के साथ ही प्रदेश के बाजार भी रंग–बिरंगी राखियों से सजे हुए हैं। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में पिरूल और स्थानीय उत्पादों से बनी हस्तनिर्मित राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मैदान से लेकर पहाड़ तक के बाजारों में राखियां और उपहार खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग सुबह से ही मिठाई की दुकानों पर खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। बाजारों में खरीदारी के चलते व्यापारियों में उत्साह है। सुरक्षा की दृष्टि से बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही के चलते शहर के मुख्य चौराहों पर जाम की स्थिति देखी जा रही है और जाम से निपटने के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं।

लक्ष्य सेन मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज देहरादून में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पत्रकारों से बातचीत में लक्ष्य सेन ने कहा कि उन्हें पेरिस ओलंपिक में बहुत कुछ सीखने मिला और वे इससे प्रेरित होकर भविष्य में खेल प्रतिभा से देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तहत प्रदेश में पात्र लाभार्थियों को आवास आवंटित कराये जा रहे हैं। योजना के तहत देहरादून, हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आवास का निर्माण जारी है। इसी क्रम में उधमसिंहनगर जिला विकास प्राधिकरण ने योजना के तहत आवस निर्माण के लिए 15 एकड़ भूमि आवंटित की है, जिसमें 10 एकड़ भूमि पर 1 हजार 8 सौ 72 आवास मोनोलिथिक तकनीक से बनाये जा रहे हैं। प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि फ्लैटों के निर्माण के लिए सरकार ने 128 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। अबतक 9 सौ फ्लैटों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। श्री उपाध्याय का कहना है कि निर्माणधीन फ्लैटों में से अधिकांश के लिए बुकिंग हो चुकी है।

'उत्तराखण्ड के गांधी'

आज, राज्य निर्माण आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले, ओजस्वी वक्ता, समाजसेवी और 'उत्तराखण्ड के गांधी' के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की 25वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर टिहरी जिले में उनके पैतृक गांव अखोड़ी में ब्लॉक प्रमुख बसुमति घणाता सहित अन्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया के जरिए स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी को याद किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप सशक्त और समृद्ध राज्य निर्माण के लिए अहर्निश कार्य कर रही है।

मौसम

राजधानी देहरादून में आज मौसम का मिलाजुआ असर देखने को मिला। सुबह मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर बाद देहरादून में कहीं–कहीं झमाझम बारिश हुई। वहीं, राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाए हुए हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों का मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार आगामी 22 अगस्त तक राज्य में बारिश के आसार बने हुए हैं। इस दौरान राज्य में कहीं–कहीं भारी बारिश और आकाशीय बिजली चमकने की संभावना व्यक्त की गयी है। विभाग की चेतावनी को देखते हुए सभी जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन होने की स्थिति में मलबा हटाने के लिए पर्याप्त मैन पावर और मशीनें तैनात करने को कहा गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और भूस्खलन से सौ से अधिक मोटर मार्ग अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास लगातार जारी हैं।

उद्यमिता प्रशिक्षण

चमोली जिले के पोखरी में दीनदयाल अंत्योदय शहरी विकास योजना के तहत उद्यमिता प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कमलेश मेहता ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता होने के साथ ही आजीविका के साधनों में भी वृद्धि कर रही है। प्रयोजना प्रबन्धक सुरेन्द्र पंवार ने बताया कि स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्राप्त कर महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। सात दिनो तक चले इस प्रशिक्षण के तहत महिला समूहों को स्वरोजगार के लिए सिलाई और बुनाई का प्रशिक्षण दिया गया।